हरिभूमि
जीटी रोड भूमि
रोहतक, रविवार 18 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 33 .7 डिग्री से.
न्यूनतम 15 .2 डिग्री से.

14 अंकिता भंडारी हत्याकांड में निष्पक्ष कार्रवाई ...



14 सरकार को रिजीम चेंज कहना देश के लोगों का ...



खबर संक्षेप

विदेश भेजने के नाम पर हड़पे 7.5 लाख रुपये

यमुनानगर। जगाधरी की ग्रीन विहार कॉलोनी निवासी संतो देवी से बच्चों को विदेश भेजने के नाम पर साढ़े सात लाख रुपये ठग लिए गए। संतो देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके बच्चे पढ़ाई के लिए विदेश जाना चाहते थे। इस दौरान उसकी मुलाकात दयाल सिंह और करमचंद से हुई। आरोपियों ने बच्चों को विदेश भेजने का आश्वासन देकर 23 अप्रैल 2025 से 10 जुलाई के बीच उससे अलग-अलग किस्तों में साढ़े सात लाख रुपये ले लिए। इसके बावजूद बच्चों को विदेश नहीं भेजा गया। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उसने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चोरों ने दो घरों से लाखों रुपये का सामान चुराया

यमुनानगर। जिले में चोरों ने दो सूने घरों को निशाना बनाकर आभूषण, एसी, गैस सिलेंडर और अन्य सामान चोरी कर लिया। खेड़ा कॉलोनी निवासी ममता ने पुलिस को बताया कि वह 25 सितंबर को घर पर ताला लगाकर बाहर गई थी। 16 अक्टूबर को लौटने पर ताला टूटा मिला और सामान बिखरा पड़ा था। जांच में 11 तोले चांदी के आभूषण, बर्तन, इनवर्टर बैटरी और एसी की तार गायब मिली। वहीं, गांव थंबड निवासी संतोष रानी के अनुसार, जगाधरी के गुलाब नगर स्थित उसके भाई के मकान से 15 अगस्त से 15 अक्टूबर के बीच एसी, तीन गैस सिलेंडर और बर्तन चोरी हो गए। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पानीपतः मामा व बुआ के बेटों में खूनी संघर्ष

पानीपत। पानीपत के दलबीर नगर में पुरानी रंजिश के चलते शनिवार को मामा-बुआ के बेटों में खूनी संघर्ष हुआ। आरोप है कि आरोपी शिब्बा ने अपने चचेरे भाइयों अमन व ऋतिक के साथ मिलकर अपने मामा के बेटे शिवम के साथ मारपीट की और उसकी छाती में सुआ घोंप कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं, दूसरे पक्ष का आरोप है कि शिवम ने शिब्बा की बाजू में सुआ मार कर उसे घायल किया है। इधर, दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ शिकायत दी है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने नशा तस्कर पकड़ा

पानीपत। सीआईए टू पुलिस टीम ने राधा स्वामी सत्संग भवन मोड़ के पास से शीशपाल पुत्र पालेराम निवासी गांव कुरलन कलां जिला करनाल को 21 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया।

अंबाला अनाज मंडी के बाहर किसानों का प्रदर्शन, यातायात प्रभावित

धान खरीद बढ़ाने व कटौती बंद करने की मांग पर किसानों का जाम

- अधिकारियों से बातचीत विफल होने पर सड़क पर लंगर भी शुरू किया
- प्रशासन के साथ बैठक के बाद दोपहर 2 :38 बजे किसानों ने समाप्त किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला





अंबाला। हिसार हाइवे पर प्रदर्शन करते किसान। फोटोः हरिभूमि

अंबाला शहर की अनाज मंडी के बाहर शनिवार को किसानों का गुस्सा सड़क पर फूट पड़ा। भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के बैनर तले किसानों ने अपनी मांगों को लेकर हिसार रोड पर जाम लगा दिया। इसकी वजह से मुख्य रोड पर यातायात बुरी तरह से प्रभावित हो गया। किसान सड़क के बीचोंबीच बैठ गए और वहीं लंगर खाना शुरू कर दिया। अधिकारियों से बातचीत में समाधान नहीं निकलने पर किसानों ने राजमार्ग जाम किया। हालांकि बाद में प्रशासन के साथ बैठक के बाद दोपहर 2:38 बजे प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। किसानों की मुख्य मांग है कि धान की खरीद 35 क्विंटल की जाए और फसल में अनावश्यक कटौती बंद हो। किसानों ने अपनी मांगों के समाधान के लिए प्रशासन को 15 और 16 अक्टूबर तक का समय दिया था। मांगें पूरी नहीं होने पर 17 अक्टूबर को प्रदर्शन करने का फैसला लिया गया था। शनिवार सुबह किसान शहर की अनाज मंडी में एकत्रित हुए और अधिकारियों के साथ बातचीत की, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। इसके बाद किसानों ने हिसार रोड पर जाम लगाकर विरोध जताया। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए। किसान नेता जल सिंह ने बताया कि 10 और 11 अक्टूबर को सरकार के साथ लंबी बैठकें हुई थीं। इनमें किसानों ने अपनी समस्याएं और मांगें प्रमुखता से रखी थीं। इसके बावजूद सरकार और प्रशासन की ओर से कोई ठोस आश्वासन या राहत नहीं मिली। इससे किसानों में निराशा और नाराजगी है। उनका आरोप है कि सरकार केवल आश्वासन दे रही है, जबकि जमीनी स्तर पर समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा।

प्रदर्शन की सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने किसानों को समझाने और जाम खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन किसानों ने कहा कि उन्होंने पहले ही सरकार को प्रदर्शन की चेतावनी दी थी। इसके बावजूद उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया गया, इसलिए उन्हें अंबाला-हिसार मार्ग जाम करने के लिए मजबूर होना पड़ा। किसानों के प्रदर्शन के दौरान सड़क पर आवाजाही प्रभावित हुई। किसान अपनी मांगों पर अड़े रहे और प्रशासन के साथ बातचीत की। करीब दोपहर 2:38 बजे किसानों और प्रशासन के बीच बैठक हुई। इसके बाद किसानों ने प्रदर्शन समाप्त कर दिया। किसानों की मांग है कि धान खरीद की सीमा बढ़ाने के साथ फसल पर लगाई जा रही अनावश्यक कटौती भी बंद की जाए, ताकि उन्हें मंडी में आर्थिक नुकसान न उठाना पड़े।

कुवि प्रोफेसर पर हमले के तीन आरोपी गिरफ्तार

हादसे में घायल युवतियों की मदद करने पर किया था हमला

- 14 अक्टूबर को हुई थी वारदात, आरोपियों ने प्रोफेसर को दी थी जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र पुलिस ने केयूके प्रोफसर पर जानलेवा हमला करने के 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में थर्ड गेट पुलिस चौंकी की टीम ने केयूके प्रोफसर पर जानलेवा हमला करने के आरोपी आर्यन वासी घराडसी जिला कुरुक्षेत्र, रवि वासी नरवाना जिला जींद व निशांत वासी खनौदा जिला कैथल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने मामले में शामिल जिला कैथल वासी एक नाबालिग आरोपी को भी अभिरक्षा में लिया है। जानकारी देते हुए डीएसपी मुख्यालय सुरेश कुमार ने बताया कि पुलिस को दी अपनी शिकायत में डॉ जतिन वासी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र ने बताया कि 14 अक्टूबर को करीब 4 बजे वह सड़क से जा रहे थे। उसी समय उन्होंने देखा कि एक स्कॉर्पियो व स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे स्कूटी सवार दो लड़कियां गिर गई थी। वह उनकी सहायता करने के लिए रुका तो दो लड़के उन लड़कियों की मोबाइल में वीडियो बना रहे थे । जब उसने उनको रोकने की कोशिश की तो उन लड़कों ने उसके साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। चौकी प्रभारी पीएसआई सतीश कुमार की टीम ने केयूके प्रोफसर पर जानलेवा हमला करने के आरोपी आर्यन वासी घराडसी, जिला कुरुक्षेत्र, रवि वासी नरवाना जिला जींद व निशांत वासी खनौदा जिला कैथल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

दो मामलों में 33.18 ग्राम हेरोइन के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। पुलिस ने अलग-अलग मामलों में 33 ग्राम 18 मिलीग्राम हेरोइन के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किए गए हैं। एएनसी की टीम ने अंबाला शहर के पालिका विहार के पास से सौरभ को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 21 ग्राम हेरोइन बरामद की। आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं, सीआईए-नारायणगढ़ की टीम ने अनुराग वालिया को 12 ग्राम 18 मिलीग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा। पुलिस ने आरोपी को रिमांड पर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

हत्या का प्रयास करने वाले को 5 साल की कैद

अंबाला। जिला सत्र न्यायाधशी वीरेंद्र मलिक की अदालत ने हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के मामले में नामजद आरोपी तरुण उर्फ गोलू को दोषी ठहराते हुए पांच साल के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने मुजरिम पर पंद्रह हजार रुपये का जुर्माना भी ठोका है। उसका भुगतान न होने पर अतिरिक्त सजा का प्रावधान रखा गया है। यह मामला थाना अंबाला छावनी में 16 मार्च 2022 को दर्ज किया गया था। परिवादी की ओर से आरोपी पर हत्या के प्रयास के आरोप लगाए थे। जांच के दौरान पुलिस ने पहले आरोपी को काबू किया था। इसके बाद अदालत में मामले की सुनवाई शुरू हुई।

पुलिस की ओर से जांच के दौरान जुटाए दस्तावेजों के आधार पर अदालत ने 15 अक्तूबर 2026 को आरोपी तरुण को दोषी करार दिया था। शनिवार को अदालत ने मुजरिम की सजा तय की। अदालत ने मुजरिम को हत्या के प्रयास का जुर्म करने पर 5 वर्ष के कठोर कारावास एवं 15,000 का जुर्माना ठोका है। जुर्माना अदा न करने पर 60 दिन का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

कार से खींचकर चाकू और लाठी-डंडों से किया था हमला

आठ लाख के लेनदेन में युवक की हुई हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

- ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर रकम लेने और वापस न करने को लेकर हुआ विवाद
- अस्पताल में उपचार के दौरान हुई थी लक्ष्य की मौत, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



लक्ष्य की फाइल फोटो।

आठ लाख रुपये के लेनदेन के विवाद में 22 वर्षीय लक्ष्य की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों गुरलाज और पुनीत को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और मामले में अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। मृतक के चाचा कश्मीर सिंह की शिकायत पर पांच नामजद आरोपियों सहित अन्य युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।पुलिस के अनुसार, 14 अक्टूबर को करनाल बस अड्डे के पीछे लक्ष्य पर हमला किया गया था। गंभीर रूप से घायल लक्ष्य की मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने मामले में हत्या की धारा जोड़ दी। शिकायतकर्ता कश्मीर सिंह ने पुलिस को बताया कि लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया जाने के लिए गोस्वामी नामक व्यक्ति के संपर्क में आया था। आरोप है कि विदेश भेजने के नाम पर उसने चार लाख रुपये नकद और चार लाख रुपये ऑनलाइन माध्यम से दिए थे। इसके बावजूद उसे विदेश नहीं भेजा गया और न ही रकम वापस की गई। इसके बाद लक्ष्य ने अपने पैसे वापस मांगे, जिसको लेकर विवाद शुरू हो गया।कश्मीर सिंह के अनुसार, घटना से चार-पांच दिन पहले भी लक्ष्य रकम मांगने गया था। परिजनों ने उसे विवाद से दूर रहने की सलाह दी थी। आरोप है कि 14 अक्टूबर को लक्ष्य अपने दोस्त शिवांक के साथ ब्रेजा कार में बैठा था। इसी दौरान आठ से दस युवक वहां पहुंचे और उसे कार से बाहर खींचकर चाकू तथा लाठी-डंडों से हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। सहायक उप निरीक्षक राजेश कुमार को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई। अब पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है और वारदात में शामिल अन्य लोगों की तलाश व भूमिका की जांच की जा रही है।

सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई कार, युवक की मौत

यमुनानगर। गांव देवधर के पास बिना रिफ्लेक्टर दिए सड़क किनारे खड़े ट्रक से कार की टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव बीचपड़ी निवासी अजय ने प्रताप नगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका भाई प्रीत परिवार के सदस्यों के साथ माता देवी के दर्शन करके लौट रहा था। जब वह गांव देवघर के पास पहुंचे तो सड़क किनारे बिना रिफ्लेक्टर दिए ट्रक खड़ा था। इस दौरान पीछे से उसके भाई की कार ट्रक में जा घुसी। इस हादसे में उसके भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों से जब अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

कुवि: मॉक इंटरव्यू में 22 अभ्यर्थियों का चयन



कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के महात्मा गांधी अखिल भारतीय सेवा प्रशिक्षण संस्थान (एमजीएआईएस) द्वारा हरियाणा सिविल सेवा (एचसीएस) के अभ्यर्थियों के लिए आयोजित मॉक इंटरव्यू एवं साक्षात्कार मार्गदर्शन कार्यक्रमों के उत्साहजनक परिणाम सामने आए हैं। वर्ष 2026 में आयोजित मॉक इंटरव्यू कार्यक्रम से जुड़े लगभग 22 अभ्यर्थियों का चयन एचसीएस में हुआ है। यह उपलब्धि संस्थान द्वारा अभ्यर्थियों को उपलब्ध करवाए जा रहे गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन और साक्षात्कार की तैयारी के प्रयासों की प्रभावशीलता को दर्शाती है। वर्ष 2024 में आयोजित एचसीएस मुख्य परीक्षा कोचिंग कार्यक्रम में 240 अभ्यर्थियों ने भाग लिया था। इनमें से 40 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार दिया, जिनमें 22 अभ्यर्थियों का अंतिम चयन हुआ था। विशेष उपलब्धि यह है कि इनमें से लगभग आठ अभ्यर्थियों का एचसीएस-2026 की चयन सूची में भी पुनः चयन हुआ है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने चयनित अभ्यर्थियों एवं संस्थान को इस सफलता पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

268 ग्राम चिट्टे के साथ तीन युवक गिरफ्तार



कुरुक्षेत्र। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की कुरुक्षेत्र यूनिट ने शाहबाद में लाडवा रोड पर 268 ग्राम चिट्टे (हेरोइन) के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। बरामद नशीले पदार्थ की अवैध बाजार में कीमत करीब 26 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा बरामद कर महिंद्रा एक्सयूवी-500 कार भी जब्त की है।यूनिट इंचार्ज एसआई गुरनाम सिंह के अनुसार, शनिवार सुबह करीब 4:40 बजे सूचना मिली थी कि तीन युवक कार में चिट्टा लेकर शाहबाद आएंगे। टीम ने शुगर मिल के पास लाडवा रोड पर नाकाबंदी की। पुलिस को देखकर चालक ने कार मोड़कर भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने उसे रोक लिया। कार में नीरज उर्फ रैम्बो, रणधीर सिंह उर्फ धीरू और अंग्रेज शर्मा सवार थे। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर डैशबोर्ड से पीले रंग की पॉलीथीन में चिट्टा और तौल कांटा मिला। पुलिस ने नशीला पदार्थ जब्त कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय और एल्सेवियर ने जारी की प्रतिष्ठित सूची

औषधीय रसायन विज्ञान, लक्षित औषधि वितरण और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में शोध को मिली वैश्विक पहचान

कुवि की प्रो. नीरा राघव विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल

- कुलगुरु प्रो . सोमनाथ सचदेवा सहित विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने दी बधाई, युवा शोधार्थियों के लिए बताया प्रेरणादायी उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित इस सूची में स्थान प्राप्त करना उनके उत्कृष्ट शोध, निरंतर वैज्ञानिक प्रयासों तथा उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान की अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति को दशार्ता है।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग की वरिष्ठ प्रोफेसर एवं इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज की निदेशिका प्रो. नीरा राघव को स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय और एल्सेवियर द्वारा जारी विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की प्रतिष्ठित सूची में शामिल किए जाने पर कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव प्रो. वीरेंद्र पाल तथा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के डीन प्रो. जितेंद्र शर्मा ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि प्रो. नीरा राघव की यह उपलब्धि पूरे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित इस सूची में स्थान प्राप्त करना उनके उत्कृष्ट शोध, निरंतर वैज्ञानिक प्रयासों तथा उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान की अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति को दशार्ता है। उनकी यह उपलब्धि विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण एवं उच्च स्तरीय शोध को और बढ़ावा देने के साथ-साथ युवा शोधार्थियों को भी प्रेरित करेगी। कुलसचिव प्रो. वीरेंद्र पाल ने प्रो. नीरा राघव को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान उनके वर्षों के कठोर परिश्रम, शोध के प्रति समर्पण और अकादमिक उत्कृष्टता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रो. राघव की उपलब्धि विश्वविद्यालय के शोधार्थियों और युवा वैज्ञानिकों के लिए प्रेरणादायी है। इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के डीन प्रो. जितेंद्र शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रो. नीरा राघव की यह उपलब्धि संस्थान के लिए विशेष गौरव का विषय है। इससे संस्थान के उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं शोध कार्यों को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिली है। प्रो. नीरा राघव को रसायन विज्ञान के क्षेत्र में विशेष रूप से औषधीय रसायन विज्ञान एवं जैव-अणुक रसायन विज्ञान के उप-क्षेत्रों में उनके शोध योगदान के लिए इस प्रतिष्ठित सूची में स्थान मिला है। उनका शोध कार्य मुख्य रूप से लक्षित औषधि वितरण, एंजाइम अवरोधन तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर केंद्रित है। प्रो. राघव ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए नैनोसेल्यूलोज और पॉलीसैकराइड आधारित उन्नत लक्षित औषधि वितरण प्रणालियों के विकास पर महत्वपूर्ण शोध किया है।

इसके साथ ही उन्होंने मानव शरीर में विभिन्न रोगों से जुड़े कैथेप्सिन एंजाइमों के अवरोधन तथा पाचन तंत्र संबंधी रोगों के नियंत्रण के लिए नवीन कार्बनिक संकर यौगिकों के विकास पर भी कार्य किया है। पर्यावरणीय शोध के क्षेत्र में उन्होंने एमएक्सीन तथा उन्नत बहुलकीय धातु-ऑक्साइड नैनो-संकर पदार्थों के माध्यम से अपशिष्ट जल उपचार एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण शोध कार्य किए हैं।

पानीपत में 16 वाहनों से 24 बैटरियां चोरी

पानीपत। पानीपत शहर में रात के अंधेरे में खड़े छह बसों, दो हाइड्रा क्रेन, छह ट्रैक्टर, एक जेसीबी और एक ट्रक समेत 16 वाहनों से कुल 24 बैटरियां चोरी होने की दो वरदात हुई है। ट्रांसपोर्टर तेजपाल सिंह ने बताया कि उनके पार्किंग स्थल ये छह बसों व दो हाइड्रा क्रेनों की और बाहर रखी एक अन्य बैटरी समेत कुल 15 बैटरियां चोरी कर ली। सिंह की शिकायत पर हुडा सेक्टर 13/17 थाना पुलिस ने अज्ञात पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर, तहसील कैंप थाना पुलिस को दी शिकायत में मोतीराम कॉलोनी निवासी मनोज कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके भूखंड में खडे छह ट्रैक्टर, एक जेसीबी और एक ट्रक की नौ बैटरियां चोरी हो गई।

ARYA BAL BHARTI PUBLIC SCHOOL
G.T. ROAD, PANIPAT, 0180-2639590

REQUIREMENT OF TEACHING STAFF

Applications are invited from dynamic, dedicated and well-qualified candidates for the following posts:

❖ PRT-(Mother Teacher) 01 ❖ PRT (English) 01

Candidate's qualification must be as per CBSE and Haryana Govt. norms.

General Instructions

1. Final selection will be made on the basis of Demonstration and Panel Interview.
2. Teaching experience in CBSE schools will be an added advantage.
3. Candidates must be fluent in English and possess basic computer knowledge.
4. Interested candidates may send their updated resume by email to aryapsharyana@yahoo.in within 15 days from the date of publication of this advertisement.
5. Shortlisted candidate will be called for interview.

PRESIDENT MANAGER

भक्तों ने आदिबद्री क्षेत्र में पहाड़ी पर स्थित माता मंत्रा देवी के मंदिर में टेका माथा

श्रद्धालुओं ने की मां के सातवें स्वरूप कालरात्रि की पूजा-अर्चना, मांगीं मन्नतें

रोजाना माता के दरबार में उमड़ रहा आस्था का सैलाब लग रहे जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शरदीय नवरात्रि में रोजाना मां के मंदिरों में श्रद्धालुओं की आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। शनिवार को को जिले में स्थित मां जगत जननी आदि शक्ति के मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां के सप्तम स्वरूप कालरात्रि की पूजा अर्चना की। खास बात यह रही कि शनिवार को हजारों श्रद्धालुओं ने आदिबद्री क्षेत्र में ऊंची पहाड़ी पर स्थित मां मंत्रा देवी के मंदिर में पहुंचकर नारियल, चुनरी व अन्य फल फूल मां के चरणों में अर्पण कर अपने परिवार की सुख शांति के लिए मन्नत मांगी। वहीं, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश की सीमा पर त्रिलोकपुर में स्थित मां बाला सुंदरी के मंदिर में भी हजारों श्रद्धालुओं ने मां बाला सुंदरी के दर्शन कर माथा टेका और पूजा अर्चना की।

शनिवार सुबह से ही मां के भक्त अपने नजदीक स्थित मां आदि शक्ति जगत जननी मां दुर्गा के मंदिरों में पहुंचने शुरू हो गए थे। खास बात यह रही कि शनिवार को आदिबद्री क्षेत्र स्थित मां मंत्रा देवी और त्रिलोकपुर स्थित मां बाला सुंदरी में सर्वाधिक हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां के दर्शन कर पूजा अर्चना की। हालांकि मां मंत्रा देवी और महामाया मां बाला सुंदरी के मंदिरों में वैसे तो वर्ष भर श्रद्धालुओं का आवागमन लगा रहता है। लेकिन वर्ष में दो बार आने वाले नवरात्रों में इन मां के मंदिरों में हजारों की संख्या में दूर-दराज से माता के दर्शनों हेतु भक्त आते हैं।



यमुनानगर। आदिबद्री में स्थित माता मंत्रा देवी के मंदिर में जाने के लिए ऊंची चढ़ाई चढ़ते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

चढ़ाई चढ़कर किए माता के दर्शन

शनिवार को स्थानीय व दूर दराज के हजारों श्रद्धालुओं ने आदिबद्री क्षेत्र में ऊंची पहाड़ी पर स्थित माता मंत्रा देवी के दर्शन किए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां के जयकारे लगाते हुए ऊंची चढ़ाई चढ़कर मां मंत्रा देवी को नारियल, चुनरी व फल फूल आदि अर्पण कर पूजा अर्चना करके मन्नत मांगी। इस दौरान मां के भक्तों की आस्था देखते ही बनती थी। मंदिर में मां के भक्तों द्वारा कीर्तन आदि करके मां का गुणगान किया गया। इस दौरान मां मंत्रा देवी मंदिर परिसर में मां के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

मां दुर्गा ने किया महिषासुर का वध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिल्ली मार्ग स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल (एनपीसी) में शनिवार को नवरात्रि, दशहरा एवं विजयादशमी का पावन पर्व अत्यंत हर्षोल्लास, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सबसे आकर्षण का केंद्र आदिशक्ति मां जगतजननी द्वारा अपने त्रिशुल से महिषासुरर का वध करना रहा। स्कूल के चेयरमैन डॉ. आरएस पुंडीर ने दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

पुंडीर ने बताया कि कार्यक्रम में सर्व प्रथम नन्हीं मुन्नी बालिकाओं ने नवदुर्गा की मनमोहक व दिव्य झांकी प्रस्तुत की। इसमें यूकेजी की वैष्णवी, नायरा, दिव्यांशी तथा एलकेजी की प्रियांशी, अनाया, गरिमा व सिद्धि ने नौ देवियों के स्वरूपों को साक्षात जीवंत कर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर कक्षा एक व दो के विद्यार्थियों रेयान, विपुल, वाणी, प्रियांशी ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।

वहीं दक्ष, आंचल, प्रियांशी एवं अनन्या द्वारा प्रस्तुत शक्तिशाली महिषासुर वध के मंचन ने सभी का मन जीत लिया। यूकेजी के विद्यार्थियों राजवर्धन, तश्वी, रेयान, अनवी, अनीश व एलकेजी के नन्हें कलाकारों द्वारा रामायण के आदर्शों पर आधारित एक भावपूर्ण नाट्य मंचन प्रस्तुत किया गया। इसके बाद बच्चों द्वारा बनाए गए करीब 35 फुट के रावण के पुतले का दहन किया गया।



यमुनानगर। नेशनल पब्लिक स्कूल में आयोजित नवरात्रि पर्व कार्यक्रम में महिषासुर का वध करती मां दुर्गा बनी छात्रा। फोटो : हरिभूमि



दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीकः कौर



यमुनानगर। रादौर स्थित मून स्टार प्री स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

रादौर। शहर के मून स्टार प्री स्कूल में शनिवार को दशहरे का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। विद्यार्थियों ने श्री राम, माता सीता, हनुमान आदि की वेशभूषा में विद्यालय में आए। विद्यालय की मुख्याध्यापिका रसमीन कौर ने बताया कि शनिवार को विद्यालय के प्रांगण में विद्यार्थियों द्वारा रामलीला का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने डांडिया पर व भजनों पर नृत्य भी प्रस्तुत किया। इसके बाद रावण की आरती की गई और उसके पुतले का जय श्री राम जी के जयकारों के साथ दहन किया गया। मुख्याध्यापिका रसमीन कौर ने बताया कि दशहरा हिंदुओं का प्रमुख त्यौहार है। यह भगवान श्री राम की रावण पर विजय की खुशी में मनाया जाता है। इस दिन बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत हुई थी। दशहरा हमें सिखाता है कि हमें हमेशा सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए और बुराइयों से दूर रहना चाहिए। विद्यालय की कोऑर्डिनेटर रितु देवी ने विद्यार्थियों को दशहरे की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नीतू ,अनु, उमा, आंचल, शिवानी,वर्षा, सिमरन, बबीता, मीनू रानी, शुभम व कृष्ण आदि मौजूद रहे।

पवनपुत्र हनुमान ने किया लंका दहन



यमुनानगर। ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब के तत्वावधान में गांव नाचरौन में चल रही चौदह दिवसीय श्रीरामलीला में बीती रात अशोक वाटिका उजाड़ना, माता सीता से हनुमान का मिलना, रावण के छोटे पुत्र अक्ष्य कुमार का वध और लंका दहन का दृश्य मंचन किया गया। लंका दहन के दृश्य का शुभारंभ क्लब के प्रधान डॉ. लाभ सिंह और वरिष्ठ सदस्यों ने गणपति भगवान की वंदना करके किया। श्रीरामलीला का पहला दृश्य हनुमान सागर पार कर लंकानगरी की अशोक वाटिका में पहुंचते हैं और वृक्ष पर चढ़ कर राम द्वारा दी गई अंगूठी नीचे गिराते हैं। जिसे देखकर मां सीता आश्चर्यचकित हो जाती हैं। देवी जानकी जी का संताप हरने के लिए रामभक्त बजरंगबली अपना स्वरूप् प्रक्ट करते हैं। भूख लगने पर हनुमान सीताजी से अनुमति लेकर अशोक वाटिका में लगे विभिन्न फ लों को तोड़ कर खाते हैं और पूरा वाटिका नष्ट कर देते हैं। वाटिका नष्ट होने पर महाराजा रावण का पुत्र अक्षय कुमार को बजरंगबली अपनी गदा के प्राहारों से मृत्युलोक में पहुंचा देते हैं। इसके बाद के दृश्य में महाराजा रावण का दूसरा पुत्र मेघनाथ वीर हनुमान को छल द्वारा ब्रह्मफांस में बांधकर दरबार में ले जाता है। जहां पर महाराजा रावण की आज्ञा से सैनिक हनुमान की पूंछ में आग लगा देते हैं। इसी पूंछ की आग से वीर हनुमान पूरी लंका का दहन करके मां सीता का आर्शीवाद प्राप्त करने के बाद भगवान श्रीराम के पाल लौट जाते हैं। मौके पर क्लब के प्रधान डॉ. लाभ सिंह व निदेशक कोच चंद्रपाल राणा ने कहा कि रामलीलाओं के आयोजनों से जहां भारतीय संस्कृति को जिंदा रखा जा रहा है। इस अवसर पर क्लब के वरिष्ठ सदस्य राहुल पुंडीर, दीपक शर्मा, जियांशु, उज्जवल, धर्मबीर राणा, चंद्रपाल कोच, यशपाल राणा, प्रदीप राणा, रूपेंद्र, राजपाल व सोमपाल कश्यप आदि मौजूद रहे।

रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले दहन के लिए तैयार

यमुनानगर। विजय दशमी पर्व पर मंगलवार को धू-धू कर जलने के लिए अहंकार के प्रतीक महाराजा रावण, उनके भाई कुंभकर्ण व बेटे मेघनाथ के पुतले तैयार होने को हैं। इस बार जलने वाले करीब 70 फुट रावण के दस सिर सभी दिशाओं से दिखाई देंगे। वहीं कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतलों का कद भी कम नहीं होगा। इन पुतलों की ऊंचाई भी 65-65 फुट रखी गई है। करीब 45 वर्षों से इन पुतलों के निर्माण कार्य से जुड़े मनचंदा परिवार को काफी महारत हासिल है। मनचंदा परिवार की आज तीसरी पीढ़ी भी रावण के पुतले बना रही है। इस परिवार के पूर्वज पाकिस्तान के रावलपिंडी शहर में इन पुतलों के बनाने का कार्य करते थे और उनके वंशज अब यमुनानगर में ख्याति पाए हुए हैं।



डांडिया नृत्य कर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नेशनल हेरिटेज पब्लिक स्कूल अंसल टाउन जगाधरी में शनिवार को दशहरा पर्व व गरबा उत्सव का धूमधाम से आयोजन किया गया। उत्सव का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. आरना सिंह ने किया। कार्यक्रम में नन्हें मुन्ने बच्चों ने जहां डांडिया की ताल पर आकर्षक नृत्य कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, श्रीरामायण के पात्रों का अभिनय कर बच्चों सभी को भाव विभोर कर दिया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. आरना सिंह ने बताया उतस्व का शुभारंभ गणेश वंदना करके व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान उत्सव में सबसे पहले नन्नें मुन्ने बच्चों ने रामायण के पात्रों राम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान समेत विभिन्न पात्रों का अभिनय करके सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने बताया कि रामायण के पात्रों में अमाइरा ने श्रीराम व रियांश ने लक्ष्मण का अभिनय किया। वहीं, सीता का अभिनय मुकुंदा व निमरित का अभिनय किया। जबकि हनुमान का अभिनय भावेश, युग व पार्थ का सबसे अच्छा रहा। उन्होंने अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। मौके पर नन्हें मुन्ने बच्चों निहारिका, दिव्यम, पीहू, शौर्य, रिद्धि, विरासत, विहान, युवानी, अर्णव और रेयांश ने श्री राम आएंगे भजन की प्रस्तुती देकर सभी को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ कर भगवान हनुमान के साहस, भक्ति, शक्ति और नम्रता के गुणों को याद किया।



यमुनानगर। नेशनल हेरिटेज पब्लिक स्कूल में दशहरा एवं गरबा उत्सव में श्रीराम दरबार में श्रीराम, सीता, लक्ष्मण व हनुमान बने बच्चे। फोटो : हरिभूमि



रावण के पुतले बनाकर विद्यार्थियों ने दिखाई कला कौशल की झलक

यमुनानगर। न्यू हैप्पी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में शनिवार को दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने रावण के पुतले बनाकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूल प्रबंधक समिति के चेयरमैन घनश्याम शर्मा ने सभी को दशहरा पर्व की बधाई दी। उन्होंने कहा कि दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने रावण के पुतले बनाए। इसके अलावा बच्चों ने हनुमान जी की गदा, तलवार व तीर कमान बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूल की प्रिंसीपल कमलेश सिक्का ने बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की सराहना की।

न्यूज डायरी



योजनाओं की जानकारी ग्रामीण स्तर तक पहुंचाएं

यमुनानगर। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक का आयोजन जिला सचिवालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने की। बैठक में विभाग की महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित सभी जन कल्याणकारी योजनाओं और स्कीम जिसमें पोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना, क्रैच, सेंटर वन स्टॉप सेंटर, आपकी बेटी हमारी बेटी, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन वात्सल्य, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति व अन्य की विस्तार पूर्वक समीक्षा की गई। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन, पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा संबंधित कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र परिवारों की पहचान कर उन्हें योजनाओं से जोड़ा जाए तथा योजनाओं की जानकारी ग्रामीण स्तर तक पहुंचाने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाए जाएं।



सड़क सुरक्षा नियमों का करें पालनः अरोड़ा

यमुनानगर। सेवा संकल्प अभियान के तहत मुकंद लाल नेशनल कॉलेज यमुनानगर में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने भाग लिया। वहीं, कालेज के प्राचार्य डॉ. मनोहर गोयल ने अध्यक्षता की। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप मार्केट कमेटी जगाधरी के चेयरमैन विपुल गर्ग व समाज कल्याण बोर्ड की पूर्व चेयरपर्सन रोजी मलिक आनंद मौजूद रही। मौके पर कॉलेज के विद्यार्थियों ने लघु नाटिका के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि यह जीवन अनमोल है। यातायात नियमों की अवहेलना कर हमें सड़क हादसों में इस जीवन को न गवाएं। यातायात नियमों का पालन कर खुद भी सुरक्षित रहें व दूसरे को भी सुरक्षित रखें। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमन सग्गड़, पार्षद विभोर पाहुजा, पार्षद प्रियांक शर्मा, डॉ. श्रीप्रकाश, डॉ. प्रवीण खुराना, डॉ. अमनदीप बतरा, बबीता सूद, विनोद धीमान, रजनी सोनी, गुरमीत चावला आदि मौजूद रहे।



लंबित केसों को यथाशीघ्र करें निस्तारित

यमुनानगर। जिला राजस्व विभाग के अधिकारियों की लघु सचिवालय की बैठक में आयोजन किया गया। बैठक में राजस्व न्यायालय द्वारा कोर्ट केस का निपटारा, आरसीसीएमएस, कम्पलसरी पार्टिशन सेक्शन 111 ए, 47 ए के लंबित केसों, सेक्शन 32, पेंडिंग डिमरकेशन, पेडेंसी ऑफ टोकनस, कास्ट वेरिफिकेशन, आधार सिडिंग स्टेटस, जमाबंदी, इन्तकाल व वसूली की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। उपायुक्त प्रीति ने सभी राजस्व अधिकारियों को इंतकाल के कार्य में तेजी लाते हुए लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी सात दिन तक सभी लंबित इंतकाल पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। वहीं, कम्पलसरी पार्टिशन के तहत जिन मामलों में नोटिस जारी किए जा चुके हैं। उनमें निर्धारित समयावधि के पश्चात यदि संबंधित पक्ष से जवाब प्राप्त नहीं होता है तो आवश्यक कार्रवाही करते हुए आगे की प्रक्रिया शुरू की जाए एवं केस लंबित न रखा जाए। इस अवसर पर जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ, व्यासपुर के एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह, छछरौली के एसडीएम जसपाल सिंह गिल, रादौर के एसडीएम नरेन्द्र कुमार, जिला राजस्व अधिकारी तरूण सहोता आदि मौजूद रहे।



रोजगार के लिए विद्यार्थियों को किया जा रहा तैयार

रादौर। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में शनिवार को पेरेंट्स टीचर्स मीट का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 500 अभिभावकों ने सक्रिय भागीदारी की। पेरेंट्स टीचर्स मीट का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने किया। उन्होंने कहा कि पेरेंट्स टीचर्स मीट का आयोजन करने का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं अकादमिक प्रगति पर अभिभावकों को जागरूक करना रहा। इस दौरान अकादमिक, खेल, एनएसएस, एनसीसी एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के बहुआयामी विकास पर विशेष जोर दिया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने कहा कि जेएमआईटी उद्योगोन्मुखी पाठ्यक्रम, इंटर्नशिप अवसरों और व्यावहारिक शिक्षण पद्धति के माध्यम से छात्रों को रोजगार के लिए तैयार कर रहा है। इस अवसर पर डॉ. विकास जुनेजा, डॉ. गौरव, डॉ. पूजा शर्मा, डॉ. विकास भारद्वाज, राहुल शर्मा, डॉ. पंकज शर्मा, डॉ. अनुजा व डॉ.नवदीप आदि मौजूद रहे।

नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान में यमुनानगर अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशों पर जिले में सोमवार व वीरवार को आयोजित होने वाले शिविरों में जिला यमुनानगर ने प्रदेश भर में प्रथम हासिल किया है। यह उपलब्धि जिला प्रशासन की कार्यकुशलता, अधिकारियों की जवाबदेही तथा आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण को दर्शाती है। उक्त जानकारी उपायुक्त प्रीति ने दी।



उपायुक्त प्रीति ने इस उपलब्धि पर प्रशासन के सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि समाधान शिविर सरकार और आम नागरिकों के बीच संवाद का एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत दिलाना तथा उनकी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में प्राप्त प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसका निर्धारित समयावधि में समाधान किया जाए। किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और शिकायतकर्ता को उसकी समस्या के समाधान की स्थिति से अवगत करवाया जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के समाधान में लापरवाही अथवा अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उपायुक्त प्रीति ने कहा कि जिले का प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहना प्रशासन के लिए गर्व की बात है।

जिला नगर योजनाकार विभाग ने अवैध निर्माण पर की कार्रवाई

अनधिकृत कॉलोनी पर चला प्रशासन का पीला पंजा

जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने अवैध कॉलोनियों में निवेश नहीं करने की आमजन से की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा बिना अनुमति के यमुनानगर जगाधरी के अर्बन क्षेत्र में विकसित की जा रही अनाधिकृत कालोनी में किए जा रहे अवैध निर्माण कार्यों को जेसीबी मशीन की मदद से तोड़ दिया। इस दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए मौके पर पुलिस बल तैनात रहा।

नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि अर्बन एरिया यमुनानगर जगाधरी में पड़ने वाले राजस्व संपदा क्षेत्र में एक अनाधिकृत कालोनियां विकसित की जा रही है। सुचना मिलते ही उन्होंने उच्चाधिकारियों को मामले की जानकारी दी। जिसके बाद उपायुक्त प्रीति के आदेशानुसार कार्रवाई के दौरान मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रुप में नियुक्त किए गए यूएचबीवीएन के एसडीओ अजीत सिंह की मौजूदगी में विभाग के स्टाफ सदस्यों व पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर दो एकड़ में विकसित की जा रही अनाधिकृत कालोनी में किए जा रहे अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन की मदद से तोड़ फोड़ कर ध्वस्त किया गया।

-अवैध कालोनियों ना करें प्लाट आदि खरीदने में निवेश

जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने आमजन से अवैध कालोनियों में कोई भी प्लाट आदि की खरीद फरोख्त नहीं किए जाने की अपील की। यदि फिर भी कोई व्यक्ति अवैध कालोनी निर्माण करता हुआ पाया गया तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा तथा जिला प्रशासन द्वारा भविष्य में भी नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।



यमुनानगर। अनाधिकृत कॉलोनी में किए गए अवैध निर्माण पर नगर योजनाकार विभाग ने की कार्रवाई।

दिए गए थे नोटिस

जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने बताया कि चूककर्ताओं को अर्बन एरिया एक्ट नम्बर 8 ऑफ 1975 के तहत नियमानुसार नोटिस जारी किए गए थे। मगर चूककर्ताओं द्वारा विभागीय आदेशों की पालना नहीं की गई तथा भू मालिकों आदि द्वारा अवैध कालोनी की स्थापना करने से पहले आवश्यक अनुमति नहीं लेने के कारण इस अवैध कालोनी में निर्माण कार्य पर तोड़ फोड़ की कार्रवाई की गई।

आशीष बने अखिल भारतीय उद्योग व्यापार सुरक्षा मंच की शहरी इकाई के सहकोषाध्यक्ष



रादौर। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार सुरक्षा मंच द्वारा आशीष वर्मा को शहर की शहरी इकाई का सहकोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। आशीष वर्मा की नियुक्ति का स्थानीय लोगों ने जोरदार स्वागत किया। नवनियुक्त सहकोषाध्यक्ष आशीष वर्मा ने बताया कि संगठन की ओर से उन्हें जो जिम्मेवारी दी गई है वह उसे पूरी निष्ठा व लग्न से पालन करेंगे। उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए संगठन के अंतराष्ट्रीय चेयरमैन नवीन गुप्ता, राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग व जिला अध्यक्ष सुदेश गुप्ता आदि का हार्दिक आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि संगठन की ओर से उन्हें जो भी कार्य दिए जाएंगे। उनका वह ईमानदारी से निर्वाहन करेंगे।

खबर संक्षेप



विस अध्यक्ष ने मां भद्रकाली शक्तिपीठ में किए दर्शन

कुरुक्षेत्र। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने शनिवार को अपनी पत्नी सहित धर्मनगरी कुरुक्षेत्र स्थित श्री देवीकूप भद्रकाली शक्तिपीठ मंदिर में पहुंचकर मां भद्रकाली के दर्शन किए और विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। नवरात्रि के पावन अवसर पर उन्होंने मां के चरणों में शीश नवाकर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मंदिर के पीठाध्यक्ष पंडित सतपाल शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण को स्मृति चिह्न भेंट कर

श्याम मिलन महोत्सव के लिए दिया निमंत्रण

कुरुक्षेत्र। श्रीमाधव सेवा समिति की ओर से जगबीर जोगनाखेड़ा एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य अग्रवाल धर्मशाला पहुंचे, जहां उन्होंने श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान विशाल सिंगला एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्यों को आगामी 31 अक्तूबर को केशव पार्क में आयोजित होने वाले श्याम मिलन महोत्सव में शामिल होने के लिए सादर आमंत्रित किया।

वाल्मीकि प्रगट दिवस पर आज लगेगा रक्तदान शिविर

कुरुक्षेत्र। वाल्मीकि अम्बेडकर शिक्षा मिशन हरियाणा एवं अमर उजाला के संयुक्त तत्वावधान में सृष्टिकर्ता वाल्मीकि दयावान जी के पावन प्रगट दिवस के उपलक्ष्य में 18 अक्टूबर को रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे लोकनायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल, कुरुक्षेत्र के ब्लड बैंक में लगेगा। शिविर में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के पूर्व प्रधान श्री राम कुमार गुज्जर मुख्य अतिथि होंगे। डॉ. बाल ऋषि कागड़ा, असिस्टेंट प्रोफेसर, राजकीय उद्यम सिंह महाविद्यालय, मटक माजरी, इंद्री तथा डॉ. राम जुवारी आदि भी शिरकत करेंगे ।

युवाओं की प्रतिभा और सांस्कृतिक विरासत का दिखा अनूठा संगम

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जोनल युवा महोत्सव का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

देशभर में संचालित श्रीजयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से ग्रामीण आंचल की कन्याओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से गतिमान सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के जोनल युवा महोत्सव का शुभारंभ उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक उल्लास के साथ हुआ। तीन दिवसीय इस युवा महोत्सव में विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिभागी अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और कलात्मक अभिव्यक्ति का शानदार प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर युवा कल्याण विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के





कुरुक्षेत्र। सांस्कृतिक प्रस्तुति देते विद्यार्थीऔर समारोह में मंचासीन अतिथिगण।

निदेशक डा. विवेक चावला, उपनिदेशक सलोनी दीवान, बाबू अनंत राम जनता कालेज के प्राचार्य डा. ऋषिपाल, डी.वाई.सी. के नॉमिनी डा. नीरज बातीश उपस्थित रहे। जोनल युवा महोत्सव के पहले दिन कार्यक्रम में श्रीजयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी एवं मुख्य अतिथि के तौर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई। सभी गणमान्य अतिथियों का महाविद्यालय प्रबंधन एवं प्राचार्या डा. सुदेश रावल द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि युवा महोत्सव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण मंच है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. सुदेश रावल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि युवा महोत्सव विद्यार्थियों की छुपी हुई प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ-साथ उनमें सांस्कृतिक चेतना, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करता है। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में विश्वविद्यालय, महाविद्यालय प्रबंधन, प्राध्यापकों, आयोजन समितियों एवं विद्यार्थियों के योगदान की सराहना की।

प्रतिभागियों की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

महोत्सव के प्रथम दिन विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंच पर प्रस्तुतियों के माध्यम से हरियाणवी लोक संस्कृति, भारतीय परंपराओं, कला और रचनात्मकता की सुंदर झलक देखने को मिली। प्रतिभागियों की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया और पूरे परिसर को उत्सवमय वातावरण से भर दिया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने तथा विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ संवाद एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान का अवसर प्रदान किया।

सनातन धर्म मंदिर, न्यू कॉलोनी से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी

20 को धूमधाम से मनाया जाएगा भव्य दशहरा, 101 फीट ऊंचा रावण जलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में इस बार दशहरा पर्व बड़े ही भव्य और आकर्षक ढंग से मनाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कुरुक्षेत्र दशहरा कमेटी द्वारा 20 अक्टूबर को केशव पार्क में होने वाले दशहरा उत्सव को लेकर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा और कमेटी के पदाधिकारियों ने प्रेसवार्ता क आयोजन कर दशहरा उत्सव कार्यक्रम को लेकर विस्तार से जानकारी दी। कमेटी के संरक्षक पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने बताया कि मंगलवार 20 अक्टूबर को सुबह 11 बजे सनातन धर्म मंदिर, न्यू कॉलोनी से एक विशाल शोभा यात्रा शुरू होगी। 101 ब्राह्मणों द्वारा शंखनाद के साथ संत महात्माओं द्वारा झंडी दिखाकर शोभा यात्रा को रवाना किया जाएगा। इस शोभायात्रा में अयोध्या स्वरूप पर आधारित भगवान श्री राम मंदिर की विशेष झांकी शामिल होगी, जिसे श्रद्धालु रस्सियों से खींचकर आगे बढ़ाएंगे।



कुरुक्षेत्र। जानकारी देते कमेटी के सरंक्षक पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा।

शोभायात्रा के आगे 101 महिलाएं सड़कों पर झाड़ू लगाती चलेंगी। लगभग तीन किलोमीटर लंबी यह शोभा यात्रा न्यू कॉलोनी से शुरू होकर परशुराम चौक, गोल बैंक, पर्ल मार्क के सामने से सेक्टर-17, पुराना पशु अस्पताल, बीकानेर मिष्ठान के सामने से होती हुई, रेलवे एलिवेटेड ट्रैक के नीचे अंडरपास से होते हुए रोटरी चौक, शीतला माता मंदिर, छोटा बाजार, सीकरी चौक, कच्चा घेर और बिड़ला मंदिर होती हुई थीम पार्क (केशव पार्क) पहुंचेगी। रास्ते में 18 जगहों पर विभिन्न धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं, दुकानदारों द्वारा जगह-जगह शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। कमेटी के प्रधान अमित गुलाटी और वरिष्ठ उपप्रधान प्रदीप झांब ने बताया कि पिछले 60 वर्षों से कुरुक्षेत्र दशहरा कमेटी इस भव्य आयोजन को करती आई है। हर बार की तरह इस बार भी शोभायात्रा का मोती चौंक पहुंचने पर भगवान श्री राम का तिलक पूर्व मंत्री सुभाष सुधा द्वारा किया जाएगा। सर्वसमाज द्वारा पूर्व मंत्री एवं कुरुक्षेत्र दशहरा कमेटी के संरक्षक सुभाष सुधा को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया जाएगा। कमेटी के सदस्य धीरज गुलाटी ने बताया कि इस बार कार्यक्रम को सनातन परंपरा और भव्य रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष थीम पार्क (केशव पार्क) में 101 फीट ऊंचे रावण, 80 फुट ऊंचे कुंभकर्ण और 60 फुट ऊंचे मेघनाद के पुतलों का दहन किया जाएगा।

शोभायात्रा पर ड्रोन से फूलों की बरसात की जाएगी

कोषाध्यक्ष प्रेम मदान ने बताया कि दोपहर लगभग 2 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक मुख्य कार्यक्रम चलेगा। इस दौरान 2 बजे थीम पार्क में युवाओं और श्रद्धालुओं के लिए भजन जैमिंग और राम भजनों की विशेष प्रस्तुति रखी गई है। कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि दशहरा उत्सव में आने वाले लोगों की सुविधा के लिए बैठने की व्यवस्था, पेयजल, लंगर, ट्रैफिक कंट्रोल, फायर ब्रिगेड, मेडिकल टीम और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने आम जनता, युवाओं और परिवारों से बच्चों सहित इस उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। साथ ही उन्होंने बताया कि दशहरा के बाद श्रद्धालुओं को श्री राम लला के दर्शन हेतु अयोध्या ले जाने के लिए विशेष ट्रेन की मांग को लेकर मुख्यमंत्री और रेलवे मंत्रालय को पत्र भी लिखा गया है। शोभायात्रा पर जगह जगह ड्रोन से फूलों की बरसात की जाएगी। लगभग 533 दुकानदारों द्वारा शोभायात्रा का स्वागत करने की बात कही गई है।

29 क्विंटल की सीमा के विरोध में किसानों ने फूंका सरकार का पुतला



पिहोवा। पुतला फूंककर रोष जताते भाकियू कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

धान की खरीद में 250 से 300 रुपये प्रति क्विंटल तक कटौती किए जाने के आरोप और कुरुक्षेत्र जिले में 29 क्विंटल प्रति एकड़ की खरीद सीमा के विरोध में शनिवार को किसानों ने पिहोवा में प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन (पिहोवा) के नेतृत्व में किसानों ने किसान रेस्ट हाउस से अनाज मंडी होते हुए मार्केट कमेटी कार्यालय तक रोष मार्च निकाला। यहां प्रदर्शनकारियों ने पुतला फूंककर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। यह प्रदर्शन हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा और हरियाणा संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से नरवाना में हुई बैठक के दौरान किए गए आह्वान के तहत आयोजित किया गया। प्रदर्शनकारी किसानों ने आरोप लगाया कि मंडियों में धान की खरीद के दौरान उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का पूरा लाभ नहीं मिल रहा है। किसानों के अनुसार, धान की गुणवत्ता के नाम पर 250 से 300 रुपये प्रति क्विंटल तक कटौती की जा रही है। उन्होंने खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। किसानों ने कुरुक्षेत्र जिले में धान की खरीद पर लागू 29 क्विंटल प्रति एकड़ की सीमा पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि धान की खरीद में पारदर्शिता और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। प्रदर्शन में कवल विर्क, मनीष मलिक, रामलू सारसा, मिल्लू मलिक, पिंटू संधोला, गुरमेल समेटा आदि मौजूद रहे।

न्यूज डायरी

गीता मां के लिए दी विशेष प्रस्तुति

कुरुक्षेत्र। प्रतिभा, लगन और निरंतर अभ्यास के दम पर छोटी-सी उम्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करने वाली पंचकूला की सात वर्षीय सुकून वधवा ने नृत्य के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना कर परिवार के साथ-साथ उदयन शालिनी परिवार का भी मान बढ़ाया है। सुकून ने प्रसिद्ध नृत्य प्रतिभा प्रदर्शन कार्यक्रम इंडियाज टैलेंट फाइट के सातवें सत्र के सेमीफाइनल तक पहुंच कर अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। इससे पहले छठे सत्र के अंतिम मुकाबले में उन्हें विशेष अतिथि गीता माँ के लिए विशेष नृत्य प्रस्तुति देने का अवसर मिला था। यह उपलब्धि उनके लिए यादगार अनुभव साबित हुई। बचपन से ही नृत्य के प्रति गहरा लगाव रखने वाली सुकून अपनी भावपूर्ण अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास और विभिन्न नृत्य शैलियों में कुशल प्रस्तुति के माध्यम से दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं।



ईशरज्योत कॉलेज में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता

पिहोवा। ईशरज्योत डिग्री कॉलेज फॉर वूमन, पिहोवा में प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने तथा छात्राओं के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन सांस्कृतिक क्लब की प्रभारी मिस सुमन की अध्यक्षता में किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 140 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कला, रचनात्मकता और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रंजू सोबती ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान संत बाबा मणि सिंह जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के दौरान नृत्य, गायन, पेंटिंग, कविता, भाषण, वाद्ययंत्र, मोनो एक्टिंग और मिमिक्री जैसी विभिन्न विधाओं में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह, रचनात्मकता और आत्मविश्वास का अनूठा संगम देखने को मिला।



बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में दिखाए नवाचार

हरिभूमि न्यूज. पिहोवा। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पिहोवा में शनिवार को खंड स्तरीय राज्य बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2026-27 का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में पिहोवा खंड के सरकारी और हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिक अवधारणाओं पर आधारित वर्किंग मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा और नवाचार क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी का मुख्य विषय सतत एवं विकसित भारत के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार रहा। इसके तहत विद्यार्थियों ने सात उप-विषयों पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने निर्णायक मंडल के समक्ष अपने मॉडलों की कार्यप्रणाली और उपयोगिता की जानकारी देते हुए उनके सारांश भी प्रस्तुत किए।



डॉ. अवनीत सिंह वड़ैच ने मुख्यमंत्री नायब सैनी के दो वर्ष के कार्यकाल पर दी शुभकामनाएं

पिहोवा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अवनीत सिंह वड़ैच ने पिहोवा विधानसभा क्षेत्र सहित समस्त हरियाणा प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में गरीब, किसान, महिला, युवा एवं जरूरतमंद परिवारों को केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। डॉ. वड़ैच ने कहा कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। वर्तमान में पात्र महिलाओं को 2,100 रुपये प्रतिमाह की सहायता दी जा रही है तथा योजना का आय-पात्रता दायरा बढ़ाकर 1.80 लाख रुपये वार्षिक किया गया है। उन्होंने कहा कि गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पक्के मकान उपलब्ध कराने का कार्य जारी है। हरियाणा में जिन भूमिहीन परिवारों के पास अपना आवासीय भूखंड नहीं है, उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में 100-100 वर्ग गज के प्लॉट उपलब्ध कराने तथा उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना से जोड़कर पक्का मकान बनाने की दिशा में कदम उठाए गए हैं। शहरी क्षेत्रों में जरूरतमंद परिवारों के लिए 30-30 वर्ग गज के प्लॉट तथा मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के माध्यम से आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य भी किया जा रहा है।



मां भद्रकाली के दरबार में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब स्वर्णिम पोशाक के दर्शन रहे आकर्षण का केंद्र

कुरुक्षेत्र। धर्मनगरी कुरुक्षेत्र स्थित श्रीदेवीकूप भद्रकाली शक्तिपीठ में शनिवार को शारदीय नवरात्र की षष्ठी-सप्तमी के अवसर पर मां कात्यायनी और मां कालरात्रि की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। शनिवार होने के कारण सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर के कपाट खुलने से पहले ही भक्त दर्शन के लिए कतारों में खड़े दिखाई दिए। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर, दंडवत करते हुए और ढोल-नगाड़ों के साथ मां के दरबार में पहुंचकर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा ने बताया कि मां कालरात्रि नवदुर्गा का सातवां स्वरूप हैं। मां का यह स्वरूप दुष्टों का संहार करने वाला तथा भक्तों को भय से मुक्ति और अभय प्रदान करने वाला माना जाता है। नवरात्र के दौरान दूर-दूर से श्रद्धालु मां के दर्शन और पूजन के लिए शक्तिपीठ पहुंच रहे हैं। मंदिर में प्रातःकालीन मंगला आरती मुख्य पुजारिन शिमला देवी के सान्निध्य में संपन्न हुई। इस अवसर पर डॉ. विवेक कौशिक और पूजा कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर थानेसर के एसडीएम एवं जिला नगर आयुक्त अमन कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा ने श्रद्धालुओं को 19 अक्टूबर को रात नौ बजे आयोजित होने वाले दुर्गाष्टमी जागरण में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष डॉ. एम.के. मौदगिल आदि मौजूद रहे।



प्रधानमंत्री मोदी के जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ा रहे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी : कलसाना

शाहबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत गांव कलसाना में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन सुभाष कलसाना और पार्षद ईशा सचदेवा ने किया। शिविर में पंचायत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, बिजली विभाग, मत्स्य पालन विभाग सहित विभिन्न विभागों की ओर से काउंटर लगाए गए, जहां ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने अनेक समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। चेयरमैन सुभाष कलसाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा संकल्प अभियान के तहत ऐसे शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि जनसेवा के माध्यम से आमजन को राहत पहुंचाई जा सके। प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को प्राथमिकता दी है। इसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास कर रही है। पार्षद ईशा सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प शिविर जनसेवा की भावना को मजबूत करते हैं।



कार्यक्रम महिलाओं और युवतियों ने भक्ति संगीत की धुन पर सामूहिक नृत्य किया प्रस्तुत

विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताएं भी करवाई गई

सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र में डांडिया कार्निवल की धूम, 100 महिलाओं ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अमीन रोड स्थित सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र में शारदीय नवरात्र के अवसर पर भव्य डांडिया कार्निवल का आयोजन किया गया। इसमें करीब 100 महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। मां भगवती की आराधना के साथ प्रतिभागियों ने डांडिया नृत्य का आनंद लिया। पूरे परिसर में भक्ति और सांस्कृतिक उमंग का माहौल रहा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण केंद्र की लेडीज डांस बैच की शिक्षिका नीति अरोड़ा द्वारा सिखाए गए विशेष डांडिया स्टेप्स रहे। उनके मार्गदर्शन में महिलाओं और युवतियों ने भक्ति संगीत की धुन पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। पारंपरिक परिधानों में सजी प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों से समारोह को यादगार बनाया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में विजेता रहे प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा लकी ड्रॉ के माध्यम से भी भाग्यशाली विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। आयोजन में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उत्सव का भरपूर आनंद उठाया। उल्लेखनीय है कि सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र पिछले कई वर्षों से धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में कला और संस्कृति के प्रचार-प्रसार में योगदान दे रहा है। इस अवसर पर कला केंद्र की अध्यक्षा, कार्यकारिणी के सदस्य और सत्संग सभा के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर संस्था के पदाधिकारियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।



श्रीकृष्ण आयुष विवि में मां दुर्गा की आराधना के साथ मनाया उत्सव

कुरुक्षेत्र। श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपराएं हमारी सामाजिक एकता का आधार हैं। त्योहार हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के साथ आपसी प्रेम, सद्भाव और सहयोग की भावना को भी मजबूत करते हैं। वे शुक्रवार रात विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित दुर्गा पूजा एवं डांडिया कार्यक्रम के दौरान संबोधित कर रहे थे। कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान एवं कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र नगर परिषद की चेयरपर्सन माफी ढांडा, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा की पुत्रवधू सुगंधा सुधा तथा एचसीएस अधिकारी आशीष कुमार अपनी धर्मपत्नी के साथ विशेष रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. विदुषी त्यागी, प्रो. बृजेंद्र सिंह तोमर, प्रो. अमित कटारिया, प्रो. आशु, प्रो. मनोज तंवर, प्रो. सुनीति तंवर, प्रो. सीमा रानी, प्रो. शीतल सिंगला सहित विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



खबर संक्षेप

शिविर में पेंशन योजना की दी जानकारी

शहजादपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा सेतु शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा पात्र लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रोएक्टिव माध्यम से संबंधित प्रक्रिया पूरी की गई। इसके अतिरिक्त दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत पात्र महिलाओं के आवेदन भी मौके पर ही सबमिट किए गए। शिविर का उद्देश्य पात्र नागरिकों को उनके गांव के नजदीक सरकारी योजनाओं की सुविधा उपलब्ध करवाना और योजनाओं से जुड़ी प्रक्रिया को सरल बनाना है।

कचरा प्रबंधन पर छात्रों को जागरूक किया

नारायणगढ़। सेवा संकल्प अभियान के तहत नगरपालिका द्वारा शहर में स्वच्छता एवं ठोस कचरा प्रबंधन को लेकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। अभियान के अंतिम दिन आज नगर पालिका की टीम द्वारा जीवीपी तथा रामलीला/दशहरा मैदान/ पुराने बस स्टैंड क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों में सफाई करवाई गई, जिसके साथ ही अभियान का समापन हुआ। अभियान के दौरान नगर पालिका की आईईसी टीम द्वारा विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों एवं अन्य स्थानों पर जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से लोगों और विद्यार्थियों को स्वच्छता, कचरा पृथक्करण तथा ठोस कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया।

22 छात्रों ने संसद भवन का किया भ्रमण

नारायणगढ़। राजकीय कॉलेज के एमए राजनीतिक विज्ञान के 22 विद्यार्थियों ने भारतीय संसद भवन का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने लोकसभा, राज्यसभा, संसदीय कार्यप्रणाली, विभिन्न दीर्घाओं तथा भारतीय संविधान की डिजिटल प्रति के माध्यम से देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।
नई संसद में स्थित संग्रहालय में भारत की प्राचीन सभ्यताओं, गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक विरासत को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है। विद्यार्थियों ने इन ऐतिहासिक तथ्यों को उत्सुकता के साथ समझा।

स्वास्थ्य और स्वच्छता पर ध्यान रखें छात्राएं

शहजादपुर। महारानी पद्मावती राजकीय महिला महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। 17 सितंबर से चल रहे इस अभियान के समापन सत्र में कुसुम शर्मा ने छात्राओं को महिला स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।व्याख्यान के दौरान कुसुम शर्मा ने महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मासिक धर्म में अनियमितता, थकान, सुस्ती, पीसीओडी तथा महिलाओं में होने वाली अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने छात्राओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, संतुलित जीवनशैली अपनाने तथा स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया।

राज्यपाल की नियुक्ति पर बिफरे कांग्रेसी, पुतला फूंककर जताया विरोध

अंकिता भंडारी हत्याकांड में निष्पक्ष कार्रवाई करे भाजपा सरकार : धीमान

अंकिता भंडारी हत्याकांड में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर गौतम की नियुक्ति पर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। राज्यपाल का पुतला फूंकते कांग्रेसी फोटो : हरिभूमि

उत्तराखंड की बेटी स्वर्गीय अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने और सिक्किम के राज्यपाल दुष्यंत कुमार गौतम की नियुक्ति के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रधान विनोद धीमान के नेतृत्व में जोरदार रोष मार्च निकाला । कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए दुष्यंत कुमार गौतम के पुतले का दहन किया और अंकिता भंडारी हत्याकांड की निष्पक्ष जांच की मांग बुलंद की। रोष मार्च नाहन हाउस से शुरू होकर मीरी पीरी चौक तक पहुंचा। प्रदर्शन की अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नरेंद्र पाली ने की। सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता नरेंद्र पाली की दुकान पर एकत्रित हुए। यहां से विरोध मार्च निकालते हुए मीरी पीरी चौक पहुंचे। यहां दुष्यंत कुमार गौतम के पुतले का दहन किया गया। इसके बाद कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय अंकिता भंडारी को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके परिवार को न्याय दिलाने का संकल्प लिया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रधान विनोद धीमान ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर अंकिता भंडारी मामले में निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। कांग्रेस पार्टी इस रुख का पुरजोर समर्थन करती है और मांग करती है कि मामले की जांच पूरी होने तक दुष्यंत कुमार गौतम की राज्यपाल पद पर नियुक्ति पर पुनर्विचार किया जाए। धीमान ने कहा कि अंकिता भंडारी के माता-पिता अपनी बेटी को न्याय दिलाने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे समय में सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह परिवार की आवाज सुने, उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करे और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करे। राहुल गांधी जी ने राष्ट्रपति महोदया को पत्र लिखकर इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाया है। कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। हमारी मांग है कि दुष्यंत कुमार गौतम अपने पद से इस्तीफा दें और मामले की निष्पक्ष जांच का रास्ता साफ हो। उन्होंने कहा कि ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार एक ओर 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा देती है, वहीं दूसरी ओर अंकिता भंडारी मामले में उठ रहे गंभीर सवालों और परिवार की मांगों पर स्पष्ट जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी संवैधानिक पद पर नियुक्ति से ऊपर न्याय और जवाबदेही है। पीड़ित परिवार को यह भरोसा मिलना चाहिए कि मामले की जांच बिना किसी दबाव के आगे बढ़ेगी।

सरकार पारदर्शी व जवाबदेही करें सुनिश्चित

उन्होंने कहा कि अंकिता के माता-पिता न्याय की मांग को लेकर दिल्ली में धरने पर बैठे। राहुल गांधी व प्रियंका गांधी और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी परिवार के समर्थन में आवाज उठाई। यह मामला केवल एक परिवार का नहीं, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा, न्याय व्यवस्था और जवाबदेही से जुड़ा प्रश्न है। कांग्रेस नेता रोहित जैन ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में परिवार द्वारा उठाए जा रहे सवालों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार को इस मामले में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करनी चाहिए। जैन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार की न्याय की मांग के साथ खड़ी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह लड़ाई केवल विरोध प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि कांग्रेस सड़क से लेकर संसद तक न्याय की आवाज उठाती रहेगी। इस दौरान कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति से दुष्यंत कुमार गौतम की राज्यपाल पद पर नियुक्ति पर पुनर्विचार करने और उन्हें पद से हटाने का आग्रह किया। अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई से निष्पक्ष जांच करवाई जाए। पीड़ित परिवार द्वारा उठाए गए सवालों की निष्पक्ष जांच हो और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाए। अंकिता के माता-पिता को न्याय की मांग उठाने का पूरा अधिकार दिया जाए और उनके साथ संवेदनशीलता से व्यवहार किया जाए।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर ग्रामीण प्रधान राकेश मेहला, कोमल जैन, हरजीत सिंह बबल, रविंद्र गुप्ता, सुरिंदर पाल बिट्टू, तरुण चुघ, गुरनाम सिंह,हरजिंदर सिंह बिट्टू, वीरेंद्र दीक्षित, कुलदीप सिंह गुल्लू, दविंदर बजाज, विनोद सैनी, प्रेम सागर शर्मा, गौरव मिगलानी, हिमांशु शर्मा, बुद्ध राम मट्ट , नवाब अली, कमल बाछल, कमल विर्क, गुरनाम सिंह, बिंदर भानोखेडी , गुलशन कुमार, खुशवीर वालिया, किरण पाल राणा, गौरव कुकरेजा, दविंदर बक्शी, हरनाल सिंह, सोनू आनंद, प्रेम सागर शर्मा, राहुल कुमार, दीपक धीमान, गुरविंदर सैनी, ठाकुर सिंह सैनी, आदित्य पाहवा, निखिल सूद भी मौजूद रहे।

त्योहारी सीजन में 12-12 घंटे ड्यूटी करेंगे फायर कर्मचारी



अंबाला। कैंट फायर स्टेशन पर तैनात गाड़ियां।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

त्योहारी सीजन में आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड अलर्ट हो गया है। त्योहारों के दौरान बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए कर्मचारियों की 12-12 घंटे की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही सभी कर्मचारियों और अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं, ताकि आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। अंबाला कैंट फायर स्टेशन में 14 गाड़ियों के साथ 26 कर्मचारी तैनात हैं, जबकि अंबाला सिटी में भी 14 गाड़ियां और 24 कर्मचारी ड्यूटी पर हैं। फायर विभाग की ओर से त्यौहारों से पहले बाजारों में दुकानदारों को जागरूक किया जा रहा है। उन्हें स्टॉल और दुकानें इस तरह लगाने की हिदायत दी जा रही है कि आग लगने की स्थिति में फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को मौके तक पहुंचने में परेशानी न हो। विभाग मंदिरों और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर भी फायर ब्रिगेड की गाड़ियां तैनात करने पर विचार कर रहा है। फायर अधिकारी पंकज पाराशर ने बताया कि बाजारों की तंग गलियों में जहां फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचना मुश्किल होता है, वहां पाइप लाइन के जरिए आग बुझाने की व्यवस्था है। विभाग के पास पर्याप्त पाइप और आधुनिक उपकरण उपलब्ध हैं। इनके जरिए गाड़ी को उपयुक्त स्थान पर खड़ा करके करीब 600 मीटर तक पाइप बिछाकर आग बुझाने का काम किया जा सकता है। जिले में फायर ब्रिगेड की तैयारियां अन्य स्टेशनों पर भी की गई हैं। नारायणगढ़ में 6 गाड़ियों के साथ 25 कर्मचारी तैनात हैं, जबकि बराड़ा में 3 गाड़ियों पर 5 से 6 कर्मचारी काम कर रहे हैं। विभाग का कहना है कि त्योहारों के दौरान आगजनी की सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। फायर अधिकारी ने लोगों से दिवाली पर सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पटाखे, रॉकेट या फुलझड़ी चलाते समय पास में पानी की बाल्टी और रेत का इंतजाम जरूर रखें। संभव हो तो घर में फायर एक्सटिंग्विशर भी रखें ताकि छोटी-मोटी आग की घटना पर शुरुआती स्तर पर काबू पाया जा सके। उन्होंने लोगों से हवा में मार करने वाले पटाखों से बचने और त्योहार को सुरक्षित तरीके से मनाने की अपील की।

32 वार्डों में विकास कार्य ठप, नहीं मिली मंजूरी

- विज ने विकास कार्यों को जल्द मंजूर करवाने के दिए थे निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर परिषद अंबाला सदर के सभी 32 वार्डों में होने वाले 318 विकास कार्यों की फाइलें पिछले दो महीनों से शहरी स्थानीय निकाय विभाग के पास मंजूरी के लिए लंबित हैं। 38.23 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले इन विकास कार्यों की प्रशासनिक मंजूरी और बजट आवंटन न मिलने से विकास कार्य अधूरे पड़े हैं। इसकी वजह से लोग बेहद परेशान हैं। बता दें कि जनता दरबार के दौरान ऊर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल विज ने विकास कार्य न होने पर नगर परिषद के अफसरों से जवाब तलब किया था। तब नगर परिषद के कार्यकारी अभियंता ने बताया कि प्रस्ताव बनाकर भेजे जाने के बावजूद मुख्यालय स्तर पर फाइल अटकी हुई हैं। फाइल को मंजूरी न मिलने के कारण कोई भी नया काम शुरू नहीं हो पा रहा है। ऐसे में मंत्री विज ने अफसरों को कहा कि कुछ भी हो यह फाइलें निपटाओ और विकास कार्यों को प्राथमिकता दो। रोजाना वार्डों के लोग टूटी सड़कों, जलभराव और जर्जर नालियों की शिकायत लेकर उनके पास पहुंच रहे हैं। वार्ड नंबर एक की सदस्य नीलम कश्यप ने बताया कि सभी सदस्यों ने अपने-अपने वार्डों के सबसे जरूरी विकास कार्यों की सूची तैयार कर परिषद को सौंपी थी। नगर परिषद की ओर से एस्टीमेट बनाकर जुलाई के अंत में ही पंचकूला भेज दिया गया था। जानकारी मिली है कि अभी फाइल को स्वीकृति नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि अफसरों की लापरवाही का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है।

नप ने सभी वार्डों से मांगी थी विकास कार्यों की सूची

ऊर्जा मंत्री अनिल विज के निर्देशों के अनुपालन में ही नगर परिषद अंबाला सदर के वार्ड नंबर 1 से 32 तक के सदस्यों से उनके क्षेत्रों में कराए जाने वाले जरूरी विकास कार्यों की सूची मांगी गई थी। नगर परिषद की इंजीनियरिंग शाखा ने मौके पर व्यवहार्यता जांचने के बाद 318 विकास कार्यों का एस्टीमेट तैयार किया था जिनकी कुल अनुमानित लागत 3823.22 लाख रुपये तय की गई थी। नगर परिषद के कार्यकारी अभियंता सुरेंद्र सिंह द्वारा 30 जुलाई को हस्ताक्षरित ज्ञापन के माध्यम से यह प्रस्ताव महानिदेशक, शहरी स्थानीय निकाय विभाग को प्रशासनिक स्वीकृति और फंड आवंटन के लिए भेजा गया था। हालांकि दो महीने का समय बीत जाने के बाद भी मुख्यालय से फाइल को हरी झंडी नहीं मिल सकी है। इनमें सड़कों व गलियों का निर्माण, नालियों की मरम्मत, वॉटर ड्रेनेज के लिए अंडरग्राउंड पाइपलाइन डालने, शैड निर्माण और सामुदायिक भवनों के जीर्णोद्धार जैसे अति-आवश्यक कार्य शामिल हैं। नप सदस्यों का कहना है कि चुनाव के दौरान और उसके बाद उन्होंने जनता से जो वादे किए थे, वे प्रशासनिक लेटलतीफी के कारण पूरे नहीं हो पा रहे हैं।

विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों ने रामायण के प्रसंगों को कर दिया जीवंत

- डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में रामलीला का हुआ शानदार मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में रामलीला का मंचन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों के माध्यम से रामायण के विभिन्न प्रसंगों को जीवंत कर दिया। हनुमान चालीसा के पाठ, रामायण म्यूजिकल एक्ट और मनमोहक नृत्यों से पूरा विद्यालय परिसर भक्तिमय हो उठा। विशेष रूप से भरत मिलाप और अयोध्या में प्रभु श्रीराम के आगमन पर आधारित प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों और दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का आयोजन प्रिंसिपल जयदेव शर्मा के कुशल नेतृत्व में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में चिकित्सक डॉ. कुलदीप शर्मा उपस्थित रहे। सिंबला की सरपंच नेहा वैद्य ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में विद्यालय के धर्म, अहिंसा, विवेक और सत्य हाउस के विद्यार्थियों ने अपने प्रभारियों एवं अध्यापकों के मार्गदर्शन में प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने रामायण की शुरुआत से लेकर अंत तक की कथा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करते हुए भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, त्याग, भाईचारे और सत्य की महत्ता का संदेश दिया।

मंडियों में किसान बेहाल, युवा बेरोजगार और विवि में सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल : जसविंदर

कुरुक्षेत्र। किसान मंडियों में परेशान, युवा रोजगार के लिए बेहाल, विश्वविद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल सरकार जश्न मनाने में मस्त, जनता जवाब मांग रही है। युवा जननायक जनता पार्टी के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह खैहरा ने हरियाणा की भाजपा सरकार के दो साल पूरे होने पर सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रदेश में किसान अपनी फसल बेचने के लिए मंडियों में परेशान हैं, युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं और आम जनता अनेक समस्याओं से जूझ रही है, जबकि सरकार अपनी उपलब्धियों का जश्न मनाने में व्यस्त है। डॉ. खैहरा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में प्रोफेसरों के साथ मारपीट और छात्राओं की सुरक्षा को लेकर सामने आ रही चिंताएँ बेहद गंभीर हैं। शिक्षा के मंदिर में शिक्षक और छात्र सुरक्षित महसूस करें, यह विश्वविद्यालय प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने, चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर की कार्यप्रणाली की जाँच करने और लापरवाही पाए जाने पर उन्हें बदलकर किसी योग्य एवं निष्पक्ष अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपने की मांग की। डॉ. खैहरा ने मांग की कि किसानों की फसल की खरीद सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाए, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएँ, आम जनता की समस्याओं का समाधान किया जाए और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण स्थापित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएँ। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सरकार की जवाबदेही जनता के प्रति होती है। दो साल पूरे होने पर जश्न मनाने से पहले सरकार को यह बताना चाहिए कि किसानों, युवाओं, विद्यार्थियों और आम जनता के लिए क्या ठोस काम किए गए हैं।

विज्ञान प्रश्नोत्तरी में अमूल, अभय और अजय सदन ने मारी बाजी

- प्रतियोगिता में वैज्ञानिक अवधारनाओं पर पूछे प्रश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



बराड़ा। प्रतियोगिता में विजेता स्टूडेंट्स। फोटो : हरिभूमि

कलगीधर ट्रस्ट बड़ू साहिब द्वारा संचालित अकाल अकादमी होली में विद्यार्थियों के वैज्ञानिक ज्ञान, जिज्ञासा और तार्किक चिंतन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतर-सदनीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विज्ञान से जुड़े सवालों के सटीक जवाब देकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में वैज्ञानिक अवधारणाओं, महत्वपूर्ण खोजों, आविष्कारों और दैनिक जीवन में होने वाली वैज्ञानिक घटनाओं से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता को कक्षा तीसरी-चौथी, पांचवीं-छठी, सातवीं-आठवीं तथा नौवीं-दसवीं के चार वर्गों में विभाजित किया गया। प्रतियोगिता के परिणामों में कक्षा तीसरी-चौथी और सातवीं-आठवीं वर्ग में अमूल सदन ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, कक्षा पांचवीं-छठी वर्ग में अभय सदन तथा कक्षा नौवीं-दसवीं वर्ग में अजय सदन ने बाजी मारी। प्रधानाचार्या सुदरपन कौर ने विजेता विद्यार्थियों सहित सभी प्रतिभागियों और आयोजन में योगदान देने वाले शिक्षकों की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर जिज्ञासु बने रहने तथा विज्ञान के सिद्धांतों को समझकर अपने दैनिक जीवन में उनसे सीख लेने के लिए प्रेरित किया।



मैवरिक्स स्कूल में शिविर में 60 ने किया रक्तदान

मुलाना। मैवरिक्स इंटरनेशनल स्कूल में प्रथम रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। विद्यालय में आयोजित इस शिविर में रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस पहल के माध्यम से विद्यालय प्रबंधन ने मानव सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। शिविर में मार्केट कमेटी के चेयरमैन जसमेर राणा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ बीसी सैल के उपाध्यक्ष करम सिंह, रणदीप सिंह उगला और अश्विनी मंगल ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। अतिथियों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए रक्तदान को मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। इस दौरान थाना प्रभारी प्रमोद राणा ने भी रक्तदान शिविर में शिरकत की और रक्तदाताओं का का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर दिग्विजय चौहान, उनकी पत्नी प्रीति चौहान, अध्यक्ष रमेश चौहान, वाइस चेयरमैन नरेश चौहान, डिप्टी चेयरमैन मुकेश चौहान, सुनीधि चौहान और प्रिंसिपल निधि त्रिपाठी सहित विद्यालय के स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। विद्यालय प्रबंधन ने शिविर में भाग लेने वाले सभी रक्तदाताओं और सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।इस शिविर में 60यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।

सांसद नवीन जिंदल के प्रयास से सरभंगी हेलवा में स्थापित होगी रोटी बनाने की ऑटोमेटिक मशीन

पिहोवा। सांसद नवीन जिंदल ने डेरा बाबा गुलाब गिरी सरभंगी हेलवा में रोटी बनाने की मशीन स्थापित करने के लिए 2 लाख रुपए की अनुदान राशि जारी की है। सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह ने श्रीमहंत विजय गिरी को मशीन खरीदने के लिए चेक सौंपा। बाबा विजय गिरी ने बताया कि श्रीमहंत भल्ले गिरी के सानिध्य में डेरा में प्रत्येक मंगलवार को मेला लगता है। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु माथा टेकने के लिए आते हैं। यहां भंडारे की व्यवस्था के लिए ऑटोमेटिक रोटी बनाने की मशीन की जरूरत थी। जिसे लेकर सांसद नवीन जिंदल के समक्ष मांग रखी गई थी। उन्होंने बताया कि सांसद की मदद से यहां जल्द स्थापित होने वाली मशीन भंडारे में प्रति घंटे 1500 से 2000 रोटी बनाने का काम करेगी। इस अवसर पर हेलवा के सरपंच प्रतिनिधि कर्मबीर, हलका प्रभारी जीत राम, महिपाल पंच, कुलविंदर सिंह, मनीष कुमार, सुरेंद्र, कर्मबीर आदि उपस्थित थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंबेडकर धर्मशाला में लगाया स्वास्थ्य शिविर

सरकार को रिजीम चेंज कहना देश के लोगों का अपमान : विज

शिविर में 980 लोगों ने उठाया स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ, ऊर्जा मंत्री ने स्टालों का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। स्टालों का अवलोकन करते मंत्री अनिल विज।

सेवा संकल्प अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी द्वारा शनिवार को अंबाला छावनी की रंगिया मंडी स्थित अंबेडकर धर्मशाला में निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में परिवहन, ऊर्जा एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं द्वारा फूल-मालाएं पहनाकर व पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। मुख्यअतिथि ने इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक एवं नगर परिषद् उपाध्यक्ष ललता प्रसाद, सह संयोजक एवं सदस्य शशि लोंगिया को स्मृति चिह्न भेंटकर उनको सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शास्त्री मंडल अध्यक्ष परवेश शर्मा व अन्य सदस्यों ने मुख्यअतिथि को स्मृति चिह्न भेंटकर उनका अभिनंदन किया। विज ने इस मौके पर यहां पर लगाए गए चिकित्सा संबधी स्टालों का अवलोकन करते हुए उपस्थित चिकित्सकों से यहां पर लोगों को जो चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है उसकी भी जानकारी हासिल की। यहां पर आयोजित शिविर के दौरान 980 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस मौके पर उर्जा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में लगातार 25 साल कार्य करने के उपलक्ष्य में सेवा संकल्प अभियान चलाया गया है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने इस मौके पर दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को लेकर पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि तिरंगा लहराना कोई जुर्म नहीं है लेकिन तिरंगे की आड़ में शांति भंग करना जुर्म है। देश में कानून व्यवस्था है, देश की ये चुनी हुई सरकार है, इस सरकार को रिजीम चेंज कहना, ये करोड़ों लोगों के मताधिकार से चुनी हुई सरकार है, उन लोगों का अपमान है और ये अढाई लोग जमा होकर कभी भी कहने लगे की इसे बदल दो। यह कभी संभव नहीं है।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पीएमओ डॉ. पूजा पेंटल, मंडल अध्यक्ष परवेश शर्मा, प्रभारी शास्त्री मंडल विपिन खन्ना, महामंत्री प्रमोद शर्मा लक्की, महामंत्री बलित नागपाल, दीपक भसीन, सतीश साकेय, सरपंच सुरेश, नप सदस्य प्रियंका, बलजिंद्र सिंह, सुरेंद्र बडौला, जंग बहादुर पाल, महेंद्र बडौला, स्वर्ण सिंह, दीपक कुमार, स्वर्ण कुमार, मलकीत, रवि वर्मा, पुनित पाटिल, कुलदीप, चरण सिंह, युवा मोर्चा से प्रधान सुनील, महासचिव मुकेश कुमार, पप्पू बहल के साथ-साथ भाजपा पार्टी के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।